आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार


निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 12 अंक : 12 लखनऊ, सोमवार 28 जून से 06 जुलाई, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## अपने जन्मस्थली पहुंचे राष्ट्रपति कोविंद ने कहा- सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे देश का सर्वोच्च पद मिलेगा

लखनऊ। कानपुर देहात। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रविवार को कहा कि उन्होंने सपने में भी कभी नहीं सोचा था कि वह देश के सर्वोच्च पद पर आसीन होंगे। कोविंद ने कानपुर देहात जिले के परौंख गांव (अपनी जन्मस्थली) में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, ''मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि मुझे देश के सर्वोच्च पद पर आसीन होने का सम्मान मिलेगा, लेकिन हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था ने ऐसा कर दिखाया।'' राष्ट्रपति ने स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं को भी श्रद्धांजलि दी और कहा, ''आज मैं जहां भी पहुंचा हूं, उसका श्रेय इस गांव की मिट्टी, इस क्षेत्र और आपके प्यार एवं आशीर्वाद को जाता है। बुजुर्गों को माता–पिता की तरह सम्मान देना हमारे संस्कार हैं और मुझे खुशी है कि हमारे परिवार में बड़ों को सम्मान देने की यह परंपरा अब भी जारी है।'' कोविंद ने कहा, मैं कहीं भी रहूं, मेरे गांव की मिट्टी की खुशबू और मेरे गांव के लोगों की यादें हमेशा मेरे दिल में बसी रहेंगी। परौंख गांव मेरी मातृभूमि है, जहां से मुझे देश सेवा करने की प्रेरणा मिलती रही है। राष्ट्रपति ने कहा, ''मातृभूमि से मिली इस प्रेरणा ने मुझे उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय, उच्चतम न्यायालय से राज्य सभा, राज्य सभा से राजभवन और राजभवन से राष्ट्रपति भवन तक पहुंचाया है।'' राष्ट्रपति कोविंद रविवार सुबह परौंख गांव में अपने जन्म स्थान पहुंचे जहां उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक के जन संपर्क अधिकारी



विकास राय ने बताया कि पटेल और आदित्यनाथ ने कोविंद का उनके पैतृक गांव परौंख में स्वागत किया। कोविंद अपनी पत्नी और बेटी के साथ पथरी देवी मंदिर गए, जहां उन्होंने पूजा–अर्चना की। उन्होंने उत्तर प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ परौंख गांव का दौरा किया। कोविंद परौंख गांव के प्राथमिक स्कूल पहुंचे, जहां उन्हें लोगों को संबोधित किया। कोविंद अपने पुराने परिचितों, विधायकों और भाजपा पदाधिकारियों सहित जन प्रतिनिधियों से भी बातचीत करेंगे। वह पुखरायां जाएंगे, जहां वह ६० से अधिक लोगों से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति २८ और २९ जून को लखनऊ रहेंगे। राष्ट्रपति के कार्यक्रम के मुताबिक, वह सोमवार को कानपुर से पूर्वाह्न १० बजकर २० मिनट पर विशेष ट्रेन से लखनऊ के लिए रवाना होंगे और वह पूर्वाह्न ११ बजकर ५० मिनट पर लखनऊ रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। रेलवे स्टेशन से वह सीधे राजभवन आएंगे, जहां वह दोपहर का भोजन करेंगे। राज भवन में ही शाम छह बजे एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे। कोविंद सोमवार रात को राजभवन में विश्राम करेंगे। वह मंगलवार को पूर्वाह्न साढ़े ११ बजे लोकभवन से भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर मेमोरियल एवं सांस्कृतिक सेंटर की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद, वह शाम साढ़े छह बजे लखनऊ हवाई अड्डे से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने पुडुचेरी में मंत्री पद की शपथ लेने वालों को शुभकामनाएं दीं

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुडुचेरी में मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी नेताओं को बधाई



दी और उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी के नेतृत्व में वहां की जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति होगी। मोदी ने ट्वीट कर कहा, ''पुडुचेरी में मंत्री पद की शपथ लेने वालों को बहुत सारी शुभकामनाएं। उम्मीद करता हूं कि यह टीम दृढता के साथ काम करेगी और जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति करेगी।'' पुडुचेरी में रविवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) मंत्रिमंडल में पांच मंत्री शामिल किए गए। मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी के शपथ ग्रहण करने के करीब दो महीने बाद नए मंत्रियों को कैबिनेट में शामिल किया गया है। उपराज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने पांचों मंत्रियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महान कवि और उपन्यासकार बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि अपनी समग्र रचनाओं के माध्यम से उन्होंने भारतीय लोकाचार की महानता प्रदर्शित की। मोदी ने ट्वीट किया, ''ऋषि बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अपनी समग्र रचनाओं के माध्यम से उन्होंने भारतीय लोकाचार की महानता प्रदर्शित की। उनके द्वारा रचित वंदे मातरम हमें विनम्रता के साथ भारत की सेवा करने तथा हमारे साथी भारतीयों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रेरित करता है।'' बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय १९वीं शताब्दी के प्रकांड विद्वान, कवि और उपन्यासकार थे। उन्होंने राष्ट्रगीत ''वंदे मातरम'' की रचना की थी, जिसे बाद में आनंद मठ नामक उपन्यास में शामिल किया गया था। उनका जन्म २६ जून, १८३८ को बंगाल के २४ परगना जिले के कांठल पाड़ा नामक गांव में एक संपन्न परिवार में हुआ था।

## यूपी के 56 जिलों में कोरोना के 50 से कम संक्रमित, 222 नए केस मिले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस का संक्रमण तेजी से घट रहा है। अब ५६ जिलों में कोरोना के ५० से कम संक्रमित रह गए हैं। महोबा कोरोना मुक्त हो चुका है और इसके सहित सात जिलों में १० से कम मरीज हैं। इसमें श्रावस्ती, बदायूं, कासगंज, हमीरपुर, कौशांबी व चित्रकूट शामिल हैं। रविवार को कोरोना से संक्रमित २२२ नए रोगी मिले। अब एक्टिव केस घटकर ३,१६५ रह गए हैं। अब पाजिटिविटी रेट घटकर ०.०७ फीसद रह गया है और रिकवरी रेट ६८.५ प्रतिशत है।प्रदेश में २३ जून को ५५ रोगियों की मौत हुई थी और इसके बाद लगातार मौत का आंकड़ा ४० से कम था। रविवार को फिर आंकड़ा बढ़ा और ४५ मरीजों की मौत हुई। अब तक २२,५१८ लोगों की मौत हो चुकी है। बीते २४ घंटे में २.७७ लाख लोगों की कोरोना जांच की गई और अब तक कुल ५.७० करोड़ लोगों का कोरोना टेस्ट कराया जा चुका है। कोरोना से अब तक १७.०५ लाख लोग संक्रमित हो चुके हैं और इसमें से १६.७६ लाख रोगी ठीक हो चुके हैं। कोरोना की तीसरी लहर से बच्चों को बचाने के लिए पीडियाट्रिक आइसीयू (पीकू) तैयार किए जा रहे हैं। इन पीकू के संचालन के लिए राज्य स्तर पर ६१ बाल रोग विशेषज्ञों, ८० चिकित्साधिकारियों व ६८ स्टाफ नर्सों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। लखनऊ व गौतमबुद्ध नगर में यह विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। अब यह मास्टर ट्रेनर सोमवार से अपने–अपने जिलों में दो–दो दिन की ट्रेनिंग देकर पीकू के संचालन के लिए जिलों में कार्यरत बाल रोग विशेषज्ञों, चेस्ट विशेषज्ञों, फिजिशियन व चिकित्साधिकारियों प्रशिक्षित करेंगे। यह ट्रेनिंग तीन बैच में दी जाएगी।महानिदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) डा. डीएस नेगी ने बताया कि प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के मंडलीय अस्पतालों में ४० बेड का पीकू और ४० आक्सीजन की सुविधा युक्त बेड तैयार किए गए हैं। जिला अस्पतालों में २० बेड का पीकू और २० बेड आक्सीजन की सुविधा युक्त तैयार किए गए हैं। सभी जिलों में चार–चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर १० आक्सीजन की सुविधा युक्त बेड और दो बेड पर बाइपैप मशीन की सुविधा होगी।

## जम्मू एयरफोर्स स्टेशन में धमाके में यूएपीए के तहत केस दर्ज

जम्मू। जम्मू हवाई अड्डा परिसर में स्थित वायुसेना स्टेशन पर विस्फोटकों से लदे दो ड्रोनों के गिरने के बाद हुए धमाके के बाद रविवार को गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी देते हुए संकेत दिया कि यह मामला आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच करने वाली एजेंसी एनआईए द्वारा अपने हाथों में लिये जाने की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि बीती रात को जम्मू हवाई अड्डा परिसर में स्थित वायुसेना स्टेशन पर ड्रोन गिरे है। उन्होंने बताया कि ऐसा शायद पहली बार हुआ है कि पाकिस्तान के संदिग्ध आतंकवादियों ने हमले में मानवरहित यान का इस्तेमाल किया है। अधिकारियों ने कहा, '' एनआईए द्वारा इस मामले को अपने हाथ में लिये जाने की संभावना है। जांच से जुड़ने के बाद वह (एनआईए) विस्फोट स्थल पर जांच की पहले से निगरानी कर रही है।'' अधिकारी ने बताया कि वायुसेना के कनिष्ठ वारंट अधिकारी के आवेदन पर सतवारी थाने में विस्फोटक सामग्री अधिनियम, गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम और भादसं की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। अधिकारियों के अनुसार रात एक बजकर ४० मिनट पर छह मिनट के अंतराल पर हुए दो धमाकों में वायुसेना के दो कर्मी घायल हो गये।

# सम्पादकीय

## डेल्टा प्लस का बढ़ता खतरा

देखते–देखते कोरोना वायरस का डेल्टा प्लस वेरिएंट एक बड़े खतरे के रूप में उभर गया है। और ये बात सिर्फ भारत की नहीं है, जहां ये वेरिएंट सबसे पहले पहचान में आया था। भारत की स्थिति यह है कि इस वेरिएंट का फैलाव दस राज्यों और करीब पौने दो सौ जिलों में हो चुका है। इससे महाराष्ट्र में पहली मौत भी हो चुकी है। विशेषज्ञ ये बता चुके हैं कि ये वेरिएंट पुराने तमाम वेरिएंट की तुलना में अधिक तेजी से फैलता है और इसका संक्रमण अपेक्षाकृत जल्दी फेफड़े तक पहुंच जाता है। अब तक कोरोना वायरस के बने वैक्सीन इस पर कितने प्रभावी हैं, इस बारे में अभी अनुमान ही लगाए जा रहे हैं। अलग–अलग टीकों के बारे में अलग– अलग अनुमान लगे हैं। बहरहाल, भारत की समस्या तो यह भी है कि यहां टीकाकरण की रफ्तार धीमी है। अब तक दोनों डोज लगभग चार फीसदी आबादी को ही लग पाए हैं। ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि एक बड़ा खतरा हमारे सिर पर मंडरा रहा है। डेल्टा प्लस वेरिएंट का प्रसार यूरोप से अमेरिका तक हो चुका है। ब्रिटेन में तो वेरिएंट डेल्टा के प्रसार ने ना सिर्फ लॉकडाउन से बाहर निकलने के इरादों पर पानी फेर दिया, बल्कि अब डर ये है कि हालात कहीं फिर से बिगड़ ना जाएं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक १८ से २४ जून के बीच ८५,१७७ पॉजिटिव केस दर्ज किए गए, जो उससे पिछले हफ्ते के मुकाबले करीब ४५ फीसदी ज्यादा हैं। ब्रिटेन में इस वक्त कोरोना से संक्रमित होने वाले लोगों में ६० फीसदी से ज्यादा लोग डेल्टा वेरिएंट की चपेट में हैं। लंदन के इंपीरियल कलेज की एक ताजा शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि ५० साल से नीचे की उम्र के लोगों में वायरस का खतरा ६० साल से ऊपर के लोगों के मुकाबले ढाई गुना ज्यादा बना हुआ है। इस शोध रिपोर्ट के लेखकों ने आगाह किया है वैक्सीन कोविड से बचाने में सौ फीसदी कारगर नहीं हैं और ना ही सभी को दो खुराकें मिली हैं। गौरतलब है कि कोरोना वायरस वैक्सीन को लेकर लोगों में पूरी तरह भरोसा जगा हो, ऐसा भी नहीं है। ऊपर से वैक्सीन की सप्लाई का सवाल है। फिर ये बात भी ध्यान में रखनी चाहिए कि वैक्सीन आम तौर पर कारगर है। यह गंभीर रूप से बीमार पड़ने और मौत से बचाने में सहायक दिखी है। लेकिन यह पूरा बचाव है, ये दावा विशेषज्ञ भी नहीं करते।




# योगी सरकार ने १५ महीने में गैंगस्टर एक्ट के तहत ५५५८ मामले दर्ज किए

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य में अपराधियों, गैंगस्टरों और माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखी है। एक साल और तीन महीने की अवधि में यूपी सरकार ने सख्त उत्तर प्रदेश गैंगस्टर्स और एंटी–गैंगस्टर के तहत खूंखार गैंगस्टर अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी सहित कम से कम २५ माफियाओं की ११२८ करोड़ २३ लाख ६७ हजार ८००, ४६ रुपये की चल–अचल संपत्ति सहित अवैध संपत्तियों को जब्त कर लिया है। उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त डीजीपी प्रशांत कुमार ने आंकड़े जारी करते हुए बताया कि इस अवधि के दौरान जिन संपत्तियों को जब्त और ध्वस्त किया गया है, उनमें से अधिकांश हाई–प्रोफाइल माफिया अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी की हैं। एडीजी प्रशांत कुमार के मुताबिक, जनवरी २०२० से अप्रैल २०२१ के बीच इन २५ कुख्यात गैंगस्टरों के कम से कम २२,२५६ साथियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत ५,५५८ मामले दर्ज किए गए हैं। इसके साथ ही करोड़ों की संपत्ति जब्त की गई है। यूपी पुलिस ने कहा कि,योगी सरकार के सख्त जीरो टॉलरेंस के रवैये ने इन गैंगस्टरों का मनोबल गिरा दिया है। आंकड़ों से पता चला है कि यूपी सरकार ने ३३ गैंगस्टरों की लिस्ट तैयार की है, सभी फिलहाल जेल में हैं, जिनकी संपत्तियों की जांच की जा रही है। बता दें कि इनमें से लगभग २५ नामों की निगरानी गृह विभाग कर रहा है जबकि अन्य आठ की अवैध संपत्तियों की जांच यूपी पुलिस कर रही है। गृह विभाग के आंकड़े बताते हैं कि इस लिस्ट में पूर्व सांसद अतीक अहमद सबसे ऊपर हैं। उसके बाद मुख्तार अंसारी और उनके सहयोगी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक,पूर्व सांसद अतीक अहमद उन गैंगस्टरों की



सूची में सबसे ऊपर हैं जिनकी संपत्ति या तो योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा जब्त या ध्वस्त कर दी गई थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अतीक अहमद इस समय गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। माफिया से राजनेता बने, उनके खिलाफ कम से कम ७० मामले दर्ज हैं, जिसमें इलाहाबाद में २००५ में बसपा विधायक राजू पाल की हत्या भी शामिल है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने अब तक उसके गिरोह के ८६ सदस्यों को गिरफ्तार किया है और ३.२५ अरब रुपये से अधिक की उसकी अवैध संपत्तियों को या तो जब्त या नष्ट कर दिया है। इसके अतिरिक्त, यूपी सरकार ने जेल में बंद समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद के ६० गुर्गों के हथियारों के लाइसेंस रद्द कर दिए। इसके अलावा गिरोह के खिलाफ २१ प्राथमिकी दर्ज की गई है और ६ आरोपियों को जेल भेजा गया है। सोनभद्र जेल में बंद सुंदर भाटी गिरोह के ६ सदस्यों की ६३.२४ करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की गई है। इसके अलावा यूपी पुलिस ने कुख्यात ध्रुव कुमार उर्फ कुंटू सिंह गिरोह के ४३ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वे फिलहाल आजमगढ़ की बलिया जेल में बंद हैं। इस गिरोह की करीब १८ करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। यूपी पुलिस के अनुसार, २५ माफियाओं की ६२५ करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति और भाजपा मुख्यालय द्वारा पहचाने गए नामी अपराधियों के गिरोह के ८ सदस्यों को भी या तो ध्वस्त कर दिया गया है या जब्त कर लिया गया है। एडीजी ने यह भी पुष्टि की कि विभिन्न अपराधों में शामिल ५१५ विभिन्न आपराधिक गिरोहों के सदस्यों और सहयोगियों के खिलाफ लगभग २०३ प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। हालांकि एडीजी ने राज्य के २५ माफियाओं में से केवल ४ कुख्यात माफिया और उनके गुर्गों की जब्त की गई संपत्ति का विवरण जारी किया है, अन्य के नामों का खुलासा नहीं किया गया है।

# नगराम थाना परिसर में किया गया वृक्षारोपण का आयोजन

लखनऊ। देश भर में चलाएं जा रहें स्वच्छ पर्यावरण वृक्षारोपण अभियान के तहत नगराम थाना



परिसर में प्रभारी इंस्पेक्टर मुहम्मद असरफ द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में बरगद , पीपल , नीम ,आम, अमरूद सहित अन्य वृक्षों का रोपण समस्त थाना स्टाफ एवं भाजपा कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा किया गया। जब पेड़ सुरक्षित रहेंगे तभी हमारा जीवन सुरक्षित रहेगा । इन वृक्षों के बिना जीवन की परिकल्पना नहीं की जा सकती , उक्त बातें भाजपा जिला मंत्री लखनऊ निशा मिश्रा ने नगराम थाना परिसर में आयोजित वृहद वृक्षारोपण में व्यक्त कर रही थी । परिसर में थाना प्रभारी व एस आई गजे सिंह सहित समस्त थाना स्टाफ ने एक–एक वृक्ष लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की , जिला मंत्री निशा मिश्रा ने बरगद का वृक्ष लगाया व पूर्व मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता व अधिवक्ता मनीष शुक्ला सहित राजेंद्र वर्मा ने आम का एक–एक पेड़ लगाया । वृक्षारोपण के दौरान नगराम के समाजसेवी संदीप शुक्ला ने कहा कि हमारे जीवन के लिए यह वृक्ष बहुमुल्य है । इस दौरान सभी के द्वारा लगाए गए पेड़ों की सुरक्षा हेतु संकल्प लिया कि हम अपने – अपने पेड़ों की सुरक्षा एवं देखभाल स्वयं करेंगे ।

# ब्योगी आदित्यनाथ के दो अफसरों पर घूस लेने के आरोपों से पलटा उद्यमी, हाई कोर्ट ने की खिंचाई

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रमुख सचिव एसपी गोयल व विशेष सचिव सुब्रत शुक्ला पर निराधार आरोप लगाने पर उद्यमी की खिंचाई की है। उद्यमी ने दोनों अफसरों पर हरदोई में पेट्रोल पंप लगाने के लिए कम पड़ रही जमीन को वहां से सटी ग्रामसभा की जमीन से बदलने के लिए आदेश पारित करने के एवज में २५ लाख रुपये की घूस मांगने का आरोप लगाया था।हाई कोर्ट ने कहा है कि वह ऐसे आचरण की भर्त्सना करता है और उद्यमी को भविष्य में कोर्ट में ऐसे फिजूल के आरोप किसी पर न लगाने की भी चेतावनी देता है। कोर्ट ने कहा कि जिस प्रकार से सरकार के इन दो आला अफसरों पर आरोप लगाए गए हैं उन पर वह अपनी नाखुशी जाहिर करता है। यह टिप्पणी जस्टिस रितुराज अवस्थी व जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की पीठ ने हरदोई के युवा उद्यमी अभिषेक गुप्ता की याचिका पर वीडियो कांफ्रेंसिंग से सुनवाई करते हुए अपने आदेश में की।याची ने राज्य सरकार के आठ जून, २०१८ व एक अप्रैल, २०१६ के उन के




आदेशों को भी चुनौती दी थी, जिनसे सरकार ने याची के जमीन को बदलने के अनुरोध को नामंजूर कर दिया था, जबकि ग्राम सभा व जिला प्रशासन हरदाई ने इसकी अनुमति दे दी थी। ओरोपों का विरोध करते हुए दोनों अफसरों के अधिवक्ता वीके शाही ने जोर देकर कहा था कि याचिकाकर्ता के सारे आरोप बेबुनियाद हैं और उसके पास अपनी बात के पक्ष में कोई तथ्य नहीं है। २०१६ में दाखिल इस याचिका पर कई बार सुनवाई हुई। २४ जून, २०२१ को सुनवाई के समय कोर्ट के बुलाने पर याची अभिषेक गुप्ता हाजिर हुए और उन्होंने कहा कि वह याचिका में दोनों अफसरों पर लगाए गए आरोपों को वापस लेते हैं और केवल इतना चाहते हैं कि उनका मुकदमा कानूनी बिंदुओं पर तय कर दिया जाए। मामले पर पुनरू २५ जून को सुनवायी करते हुए कोर्ट ने याचिका में याची द्वारा लगाए गए आरोपों को हटा हुआ मान लिया और याचिका का मेरिट पर निस्तारण करते हुए उसे मंजूर कर लिया। कोर्ट ने सरकार द्वारा आठ जून, २०१८ व एक अप्रैल, २०१६ को पारित दोनों आदेशों को रद कर दिया। सरकार को याची की जमीन को उचित राशि के सापेक्ष बदलने का आदेश दिया है।

# सपा ने सरकार पर लगाया आरोप, कहा-१२ जिलों में नहीं करने दिया गया नामांकन

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा पर शासन व सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। सपा ने कहा कि सरकार ने शनिवार को १२ जिलों में उसके प्रत्याशियों को नामांकन तक नहीं करने दिया। पार्टी ने शनिवार शाम राज्य निर्वाचन आयोग में इसकी शिकायत की है। सपा नेताओं ने कहा कि सरकार के इशारे पर पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को मारा-पीटा। जिला पंचायत सदस्यों का अपहरण किया गया। समाजवादी पार्टी के एमएलसी उदयवीर सिंह व राष्ट्रीय सचिव राजीव राय ने राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार से मिलकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। सपा ने निर्वाचन आयोग में ज्ञापन देने के बाद पत्रकारों से कहा कि गोरखपुर में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को पुलिस और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मिलकर पीटा है। बलरामपुर में सपा प्रत्याशी को पुलिस गाड़ी में बैठाकर घुमाती रही। नामांकन का समय खत्म होने पर तीन बजे जंगल में छोड़ दिया। सपा का आरोप है कि प्रदेश भर में कई जगहों पर उसके प्रत्याशियों और जिला पंचायत सदस्यों का अपहरण किया गया। कई जिलों में आवेदक, प्रस्तावक या सदस्यों को नामांकन स्थल तक नहीं पहुंचने दिया गया। कई जिला पंचायत सदस्यों को पुलिस ने घर से उठाकर कहीं दूर सड़क पर तो कहीं जंगल में ले जाकर छोड़ दिया।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में गोरखपुर, झांसी, मुरादाबाद, भदोही, चित्रकूट, श्रावस्ती, बलरामपुर, हमीरपुर, गोंडा, मऊ, ललितपुर, गाजियाबाद में सपा प्रत्याशियों को नामांकन तक दाखिल नही करने दिया। सरकार सपा समर्थित जिला पंचायत सदस्यों को डरा-धमकाकर एफआइआर दर्ज करा रही है। परिवारीजनों को प्रताडिघ्त कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी तरह से प्रशासन, गुंडे और माफियाओं के सहारे अलोकतांत्रिक तरीके से जिला पंचायतों पर कब्जा करना चाहती है।

# डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी की विदाई पर टूटेगी वर्षों पुरानी परंपरा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) हितेश चंद्र अवस्थी की विदाई के अवसर पर रैतिक परेड के आयोजन की परंपरा रही है। कोविड संक्रमण काल के चलते इस बार ३० जून को डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी के सेवानिवृत्ति होने के अवसर पर ऐसा कोई परंपरागत आयोजन नहीं होगा। डीजीपी मुख्यालय में सादे समारोह में डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी को विदाई दी जाएगी।इससे पहले ३१ जनवरी, २०२० को पूर्व डीजीपी ओपी सिंह का सेवाकाल पूरा होने पर उन्हें लखनऊ पुलिस लाइन में आयोजित रैतिक परेड में भावपूर्ण विदाई दी गई थी, लेकिन अबकी रैतिक परेड को लेकर कोई तैयारी नहीं है। डीजीपी मुख्यालय पर भी कोई बड़ा आयोजन नहीं होगा।बता दें कि उत्तर प्रदेश के नए पुलिस मुखिया का नाम तय किए जाने को लेकर २६ जून को संघ लोक सेवा आयोग की बैठक प्रस्तावित है। आयोग डीजी स्तर के तीन अधिकारियों का पैनल तय करेगा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नए पुलिस मुखिया के नाम पर अंतिम मुहर लगाएंगे।इस बीच प्रदेश पुलिस के नए मुखिया के नाम को लेकर चर्चाएं तेज हो गई है। संघ लोक सेवा आयोग इसे लेकर अगले सप्ताह की शुरुआत में बैठक कर निर्णय ले सकता है। इसके साथ ही नए डीजीपी के नाम को लेकर अटकलें लगनी भी शुरू हो गई हैं। आगामी विधान सभा चुनाव के दृष्टिगत भी नए डीजीपी की तैनाती को बेहद अहम माना जा रहा है। हालांकि योगी सरकार ने डीजीपी की तैनाती में अब तक वरिष्ठता सूची को ही वरीयता दी है। डीजीपी हितेश चंद्र अवस्थी ३० जून को अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं और वह पहले ही अपने सेवाविस्तार की अटकलों को विराम दे चुके हैं। इस पद के नए दावेदारों की वरिष्ठता सूची पर नजर दौड़ाई जाए तो केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात १९८६ बैच के आइपीएस अधिकारी नासिर कमाल सबसे आगे हैं। उनका कार्यकाल जुलाई २०२२ तक है। इसके अलावा जिन अधिकारियों के पास इस पद की दावेदारी के लिए पर्याप्त कार्यकाल है, उनमें केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर तैनात १९८७ बैच के आइपीएस अधिकारी मुकुल गोयल व इसी बैच के आइपीएस तथा वर्तमान में डीजी ईओडब्ल्यू डा. आरपी सिंह के नाम आगे हैं। दोनों को ही मजबूत दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। इनके बाद १९८७ बैच के ही आइपीएस विश्वजीत महापात्रा व जीएल मीणा के नाम हैं। १९८८ बैच के आइपीएस अधिकारी व डीजी पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड डॉ. आरके विश्वकर्मा, इसी बैच के आइपीएस डीएस चौहान व आनन्द कुमार भी डीजीपी की रेस में दावेदार के रूप में देखे जा रहे हैं। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में तैनात १९८८ बैच आइपीएस अनिल कुमार अग्रवाल का नाम भी वरिष्ठता सूची में शामिल है। डीएस चौहान वर्तमान में डीजी इंटेलीजेंस व आनन्द कुमार डीजी जेल के पद पर तैनात हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में सुलखान सिंह व ओपी सिंह के बाद हितेश चंद्र अवस्थी तीसरे डीजीपी बने थे।

# पिता ने दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप मुकदमा दर्ज

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत लड़की के पिता ने लिखित तहरीर देते हुए दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मुकदमा पंजींत कराया है अवध विहार कलोनी थाना सरोजनी नगर निवासी लड़की के पिता ईदू खॉ पुत्र कल्लू ने मोहनलाल गंज कोतवाली में लिखित तहरीर देते हुए बताया है कि हमारी लड़की शबनम खान की शादी ग्राम सिसेंडी के सलमान खान पुत्र मुन्ना उर्फ नफीस के साथ २ माह पूर्व हुई थी तथा प्रार्थी ने अपनी पुत्री की शादी में अपने रीत रिवाज के अनुसार दान दहेज दिया था परंतु शादी के बाद से ही प्रार्थी की लड़की के ससुराल वाले सास ननंद तथा प्रार्थी का दामाद सलमान आदि लोग हमारी लड़की को अकारण प्रताड़ित करते हैं तथा अपने मायके से पचास हजार रुपए और लाने को कहते हैं लड़की शबनम की जेठानी, सास, ननंद आदि मिलकर हमारी लड़की को पैसे को लेकर प्रताड़ित करते हैं तथा कहते हैं अगर पचास हजार रुपए अपने मायके से लेकर नहीं आओगी तो हम तुम्हें नहीं रखेंगे शनिवार को फिर पैसे की बात को लेकर सास व दामाद ने मिलकर हमारी लड़की को बहुत मारा पीटा। पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजींत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लखनऊ में स्थापित होगा डा. भीमराव आंबेडकर सांस्कृतिक केंद्र

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में २०२२ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बेहद गंभीर है और पार्टी किसी भी बड़े वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित करने से चूक नहीं रही है। चुनावी वर्ष में भाजपा लखनऊ में करीब ५० करोड़ की लागत से डॉ. भीमराव आंबेडकर सांसेंतिक केंद्र स्थापित करने जा रही है। इस केंद्र में डॉ. आंबेडकर की करीब २५ फुट ऊंची प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। भाजपा ने विधानसभा चुनाव से ऐन पहले दलितों को लुभाने के लिए लखनऊ में डॉ. आंबेडकर सारें तिक केंद्र स्मारक के निर्माण का ऐलान किया है। इस स्मारक में डक्टर आम्बेडकर की २५ फीट ऊंची प्रतिमा होगी जबकि उनसे जुड़े अन्य महत्वपूर्ण संकलनों को इसमें स्थान दिया जाएगा। इसमें कन्वेंशन सेंटर, पुस्तकालय और अन्य दूसरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जानी हैं। योगी आदित्यनाथ कैबिनेट ने लखनऊ में ऐशबाग ईदगाह के सामने खाली पड़ी मौजा भदेवा की ५४६३.५२ वर्ग मीटर नजूल भूमि को डा. आंबेडकर सारें तिक केंद्र की स्थापना के लिए संसें ति विभाग के पक्ष में कुछ शर्तों व प्रतिबंधों के तहत निश्शुल्क आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह भूमि सरकार के स्वामित्व में है। सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना पर ४५.०४ करोड़ रुपये खर्च होंगे।संस्कृति विभाग की ओर से स्थापित होने वाले डा.आंबेडकर सांस्कृतिक केंद्र में ७५० व्यक्ति की क्षमता का प्रेक्षागृह, पुस्तकालय व शोध केंद्र, छायाचित्र दीर्घा व संग्रहालय, बैठकों व आख्यान के लिए बहूद्देशीय सभागार व कार्यालय का निर्माण किया जाएगा। डा. भीमराव आंबेडकर की मूष्त की स्थापना व लैंडस्केपिंग, डॉ रमेट्री, कैफेटेरिया, शौचालय, पाष्कग व



अन्य जनसुविधाएं विकसित की जाएंगी। संसेंति विभाग ने डा. आंबेडकर सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना के लिए लखनऊ में दो से तीन एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। लखनऊ के लोक भवन में २६ को आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद स्मारक का शिलान्यास भी कर देंगे। इस केंद्र को भाजपा का मायावती की तर्ज पर दलितों को लुभाने का एक कदम माना जा रहा है। बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने अपने कार्यकाल में आम्बेडकर पार्क जैसे कई भव्य स्मारक लखनऊ से लेकर नोएडा तक बनवाए जो आज भी दलितों के सबसे बड़े स्मारक और प्रतीक चिह्न के तौर पर जाने जाते हैं। मायावती की ओर से स्मारक निर्माण की आलोचक रही बीजेपी भी दलित वोट बैंक में सेंधमारी के लिए अब कुछ उसी राह पर चलती नजर आ रही है।

# कोरोना से जंग में आशा बहुओं की भूमिका महत्वपूर्ण : विनय शंकर तिवारी

गोरखपुर। बड़हलगंज गोरखपुर कोरोना से आम जनमानस के जीवन की रक्षा में चिकित्सक संवर्ग के साथ आशा कार्यकर्तियों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। अब फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में बच्चों की जीवन रक्षा के लिए आशा बहुओं को दायित्व सौंपा गया है।यह विचार शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़हलगंज पर आशा बहुओं को बच्चों के बीच बांटने हेतु कोरोनारोधी दवा वितरण का शुभारंभ करते हुए चिल्लूपार विधायक विनय शंकर तिवारी ने व्यक्त किया। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़हलगंज पर उपस्थित दर्जनों आशा बहुओं को कोरोनारोधी दवा का किट सौंपते हुए विधायक विनय शंकर तिवारी ने उम्मीद जताई कि सभी आशाबहुएं घर-घर जाकर बच्चों को दवा उपलब्ध कराएंगी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ बी के राय ने बताया कि ० से ०१ वर्ष, ०१से ०५ वर्ष व ०५ से १२ वर्ष तक के बच्चों को अलग-अलग किट प्रदान की जाएगी।



आशाबहुओं को यह निर्देशित किया गया है कि वे घर-घर जाकर बच्चों की जांच कर उन्हें दवा प्रदान करें। इस अवसर पर डॉ. शैलेष पाण्डेय, अरुण तिवारी, भुवनेश्वर चतुर्वेदी, लल्लन तिवारी, अमीर यादव, आशीष तिवारी, नंदू मिश्रा, सोनू तिवारी, बबलू तिवारी आदि सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

## व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री ने १२ वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए पीडियाट्रिक किट वितरण किया

लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने जनपद मुजफ्फरनगर के गांधी कालोनी स्थित गांधी वाटिका में मुख्यमंत्री के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोविड १६ की तीसरी सम्भावित लहर के दृष्टिगत १८ वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए पीडियाट्रिक किट वितरण किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रदेश मे ३टी ट्रेस, ट्रेक तथा ट्रीट अभियान के साथ-साथ आंशिक कोरोना कर्फ्यू, टीकाकरण अभियान से प्रदेश में कोरोना संक्रमण के मामलों में कमी आई है। प्रदेश में कोविड संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु रात्रिकालीन कर्फ्यू तथा साप्ताहिक बंदी जारी है। उन्होने कहा कि आंशिक कोरोना कर्फ्यू के समय में जीवन और जीवका बचाने के उद्देश्य से औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियां चालू रखी गयी थी। अग्रवाल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि प्रदेश मे संक्रमण कम हुआ लेकिन अभी समाप्त नही हुआ, इसलिए सभी लोग सावधानी बरते तथा टीकाकरण अवश्य करवायें। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने



जनपद मुजफ्फरनगर के ग्राम मखियाली में अपनी विधायक निधि से निर्मित सड़क का समाज के बुजुर्ग व्यक्ति ऋषिपाल से शुभारंभ करवाया। विधायक निधि योजना अंतर्गत ग्राम मखियाली में हरिजन बस्ती में ड. भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा के पास सी.सी. रोड एवं नाली की दीवार की विशेष मरम्मत कार्य का लोकार्पण मंत्री द्वारा किया गया। इसके बाद मंत्री ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उनका हाल चाल जाना। उन्होंने लोगो को सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया। अग्रवाल इसके बाद संविधान रचियता डॉ . भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया।

## मजदूरों का हर हाल में भला कर रही मोदी-योगी सरकार: राजेश त्रिपाठी

गोरखपुर। बड़हलगंज गोरखपुर केन्द्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार गरीबों और मजदूरों का हर हाल में भला चाहती है। इसलिए दीवाली तक हर गरीब को फ्री राशन मिल रहा है और मनरेगा के तहत प्रत्येक गांव के मजदूरों को काम दिया जा रहा है। उक्त बातें पूर्व मंत्री राजेश त्रिपाठी ने कहीं हैं। वे बड़हलगंज ब्लाक अंतर्गत खड़ेसरी गांव में शहीद राजा हरिप्रसाद मल्ल राजकीय होमियोपैथिक मेडिकल कालेज को सुरक्षित रखने वाले रिंग बांध का मनरेगा के तहत सुढ़ीकरण और उच्चीकरण योजना का शुभारंभ करने के बाद संबोधित कर रहे थे। राजेश त्रिपाठी ने कहा कि गरीबों और मजदूरों के बेटियों के विवाह का खर्च योगी सरकार उठा रही है। रजिस्टर्ड मजदूरों के लिए चिकित्सा, शिक्षा, आवास, पेंशन की व्यवस्था कर रही है। मुख्यमंत्री द्वारा गोरखपुर के दक्षिणांचल में कोविड हास्पिटल खुलवाने का सर्वाधिक लाभ गरीबों और मजदूरों को ही मिलेगा। वहीं आगे उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत



लगभग ४० लाख रूपए रुपए की लागत से बन रहे इस बंधे से किसानों का भी काफी लाभ होगा। योगी सरकार द्वारा २० से २४ घंटा बिजली दिये जाने से झोपड़ी और हवेली वालों को भी राहत है। चिल्लूपार सहित पूरे प्रदेश में बेघर गरीबों-मजदूरों को आवास और विद्युत कनेक्शन दिया जा रहा है। खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, तकनीकी सहायक जयराम तिवारी, क्षेत्रीय संयोजक एनजीओ महेश उमर,` ष्ण कुमार गोंड़, मंडल अध्यक्ष अखंड शाही, सुनील सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ललकू यादव, प्रशांत शाही, विनय तिवारी, अष्टभुजा सिंह, आचार्य वेदप्रकाश त्रिपाठी, विनय पांडेय, राजीव पांडेय, डबलू सोनकर, सुरेश मिश्र, संजय दुबे मौजूद रहे।

## पुलिस ने पांच हजार इनामी वांछित शातिर चोर को किया गिरफ्तार

लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट डीके ठाकुर के आदेशानुसार चलाए जा रहे हैं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त दक्षिणी रवि कुमार के निर्देशन व अपर उपायुक्त पूर्णेन्दु सिंह के मार्गदर्शन पर मोहनलालगंज एसीपी दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में नगराम पुलिस ने पांच हजार इनामी वांछित शातिर चोरों को किया गिरफ्तार जानकारी के मुताबिक शातिर चोर विद्युत विभाग से ट्रांसफार्मर तार चोरी करके बेचते थे नगराम प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद अशरफ ने बताया कि शातिर चोर




नरेश सोनी पुत्र राम प्रसाद ग्राम चितौली थाना सजेती कानपुर इस गैंग के सक्रिय सदस्य नौशाद लंगड़ा यशोदा नगर कानपुर अनिल गौतम अनुराग उर्फ दीपू अनिल उर्फ करिया अरविंद उर्फ छोटू ने २०२० थाना क्षेत्र मोहनलालगंज मैं विद्युत के सामान कपर तांबा चोरी के अभियुक्त थे जिसमें आज नौशाद लंगड़ा को पुलिस ने गिरफ्तार किया जिसके ऊपर लगभग आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं और ५००० का इनामी भी है जिसे नगराम पुलिस ने गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेजा गया।

## अभिसूचना इकाई खंगाल रही ब्योरा, लखनऊ में उजागर होंगे कई नाम

लखनऊ। मतांतरण मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपितों की जड़ें राजधानी में फैली हुई हैं। अब तक जिन-जिन जिलों में मतांतरण की बात उजागर हुई है, वहां एटीएस की टीम पड़ताल कर रही है। सूत्रों का कहना है कि एटीएस ने अभिसूचना इकाई को अलर्ट किया है। अब अभिसूचना इकाई आरोपितों के अन्य साथियों और झांसे में आकर मतांतरण कराने वाले लोगों के बारे में जानकारी कर रही है.एटीएस की ओर से अभी तक उत्त्तर प्रदेश के १८ जिलों के अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। संबंधित अधिकारियों से विस्तृत ब्योरा जुटाने के लिए कहा गया है। यही नहीं, खुफिया एजेंसियां भी संदिग्ध लोगों के बारे में जानकारी कर रही हैं। मतांतरण के जरिए एक हजार से अधिक लोगों को मुस्लिम बनाने की जानकारी सामने आने के बाद खुफिया एजेंसियां छानबीन कर रही हैं। फिलहाल मतांतरण कराने वाले लोगों का ब्योरा, उनके खाते की डिटेल व अन्य जानकारी जुटाने में सभी जिलों की स्थानीय पुलिस लगी है। इस पूरे खेल के पीछे विदेशी फंडिंग की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मतांतरण कराने वाले लोगों की पूरी सूची तैयार कर उनसे पूछताछ की तैयारी में है। यह पता लगाया जा रहा है कि मतांतरण कर मुस्लिम बनने वाले लोगों से कैसा व्यवहार किया गया था। जबरन मतांतरण की दिशा में भी पुलिस छानबीन कर रही है।गौरतलब है कि गैर मुस्लिमों को मुस्लिम बनाने के कारनामे की जानकारी पाकर इस प्रकरण से संबंधित विस्तृत ब्योरा जुटाने के लिए एटीएस की टीम को लगाया गया था। इसके बाद आइएसआइ से फंडिंग की बात उजागर हुई। पकड़े गए आरोपित उमर तथा जहांगीर ने बताया था कि इन्होंने धन का लालच देकर एक हजार से अधिक लोगों का मतांतरण करवाया है। गिरोह मूक-बधिर बच्चों और महिलाओं को निशाना बनाते थे।

## महिला जागरूकता अभियान कार्यक्रम में महिलाओं को किया गया जागरूक

निगोहां। रविवार को महिला जागरूकता अभियान कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में निगोहा की महिला आरक्षी दीप्ति मिश्रा ने कहा



कि, शादी जैसे अटूट बंधन को महिलाएं खेल न बनाये आज के परिवेश में गांव-गांव महिलाएं पति के खिलाफ शिकायतें लेकर पहुंच जाती है। इसलिए रिश्तों को समझने के साथ हाथ बंटाने की जरूरत होती है।आये दिन छोटी-छोटी बातों को लेकर शिकायतें थाने तक आती है। जिनमे अधिकतर कोई ऐसी बात नही होती है जिन्हें पुलिस तक पहुंचाया जाए, इसलिए इस बात का भी ख्याल रखें कि रिश्तो की डोर मजबूत बनाये रखने के लिये बात बात पर पुलिस का सहारा लेने की बजाए आपस मे एक दूसरे को समझे। मिशन शक्ति कार्यक्रम प्रभारी एसआई प्रेम शंकर पांडे, सहायक महिला आरक्षी शिखा शर्मा, दीप्ति मिश्रा, गौरव तिवारी, सुनील कुमार ग्राम प्रधान, एएनएम आशा बहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आंगनवाड़ी सहायिका द्वारा गांव मस्तीपुर व गांव उदयपुर मैं जाकर महिला जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से घरेलू हिंसा वह दहेज उत्पीड़न से पीड़ित महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया गया तथा उन्हें महिला हेल्पलाइन नंबर व टोल फ्री नंबरों की विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि वह कैसे अपने साथ हो रही हिंसा को रोक सकती हैं वह पुलिस की सहायता ले सकती हैं संविधान में वर्णित महिला अधिकारों को बता कर मिशन शक्ति को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया।

# मिलिट्री इंजीनियरिंग में भर्ती के नाम पर युवाओं से ठगी

लखनऊ। पिछले दिनों आइआरसीटीसी में सुपरवाइजर की भर्ती के नाम पर हुए फर्जीवाड़े के बाद एक और मामला सामने आया है। इस बार बेरोजगार युवकों से मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विस (एमईएस) में मीटर रीडर के पद पर भर्ती के नाम पर आवेदन मंगाए गए। युवक जब नियुक्ति पत्र लेकर दर्ज पते पर पहुंचे तो पता चला कि यह नकली है।सेना और उससे जुड़े संगठनों में सीधे भर्ती कराने का झांसा देने वाले गिरोह ने कई अफसरों के नाम पर फेसबुक पर आइडी बनाई है। इन आइडी से ही पिछले दिनों मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में मीटर रीडर के ग्रुप डी के पदों पर भर्ती के लिए अनलाइन आवेदन मांगे गए। कई युवकों ने दी गई फर्जी ई–मेल आइडी पर अपना बायोडाटा और आवेदन भेजा। आरटीजीएस व नेट बैंकिंग के जरिये दिए गए बैंक खातों में प्रोसेसिंग फीस के नाम पर २५ से ३० हजार रुपये जमा कराए गए। अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भेजा गया। इसके बाद ज्वाइनिंग से पहले एक लाख रुपये की और मांग की गई। इनमें अधिकतर पूर्वांचल के गाजीपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गोरखपुर जैसे जिलों के अभ्यर्थियों को फर्जी नियुक्ति पत्र बनाकर भेजा गया।नियुक्ति पत्र में १७ करियप्पा रोड, लखनऊ कैंट का पता दिया गया। साथ ही नियुक्ति पत्र में ज्वाइन करते समय ही साल में ४६ दिन की छुट्टी और क्वार्टर की व्यवस्था किए जाने की बात भी कही गई है। नियुक्ति पत्र लेकर गाजीपुर जमनिया का एक युवक जब कैंट पहुंचा तो इस फर्जीवाड़े का पता चला। हालांकि, युवक की ओर से अभी पुलिस में मामला दर्ज नहीं कराया गया है। वहीं, सेना तक यह मामला पहुंचा है। सेना के मेजर (अवकाश प्राप्त) एके सिंह का कहना है कि एमईएस की भर्ती रोजगार समाचार पत्र में आती है। इसके अलावा युवक सीधे गैरिसन इंजीनियर कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। वहां उनको इसकी नोटिफिकेशन की सही जानकारी मिल सकती है। यदि कोई कह रहा है कि बायोडाटा व एक आवेदन जमा कर वह सीधे नियुक्ति पत्र दे देगा तो उसकी जांच जरूर कराएं।

# लखनऊ में रेमडेसिविर की कालाबाजारी करने वाले आरोपित पर लगा रासुका

लखनऊ। ठाकुरगंज पुलिस ने रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी करने के एक आरोपित तहजीबुल हसन के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम




(रासुका) के तहत कार्रवाई की है। तहजीबुल हसन सरफराजगंज ठाकुरगंज निवासी है। उसे कोविड महामारी के दौरान इंजेक्शन की कालाबाजारी करते पकड़ा गया था। आरोपित के साथ उसके साथी विपिन कुमार, डॉ. अतहर खां और डॉ सम्राट पांडेय भी पकड़े गए थे।डीसीपी पश्चिम सोमेन बर्मा के मुताबिक वर्तमान में सभी आरोपित जेल में बंद हैं और जमानत हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। आरोपितों के पास से कुल २४ रेमडेसिविर इंजेक्शन बरामद किए गए थे, जो तीमारदारों को मोटी रकम में बेच रहे थे। इस ेत्य से आम जनमानस में आरोपितों के खिलाफ रोष व्याप्त हो गया था और शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका प्रबल हो गई थी। डीसीपी के मुताबिक आरोपित के जेल से छूटने के बाद से दोबारा जीवन रक्षक दवाओं की कालाबाजारी करने की आशंका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपित के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की गई है। तहजीबुल के पास से पुलिस ने १३ इंजेक्शन और एक लाख ६६ हजार रुपये बरामद किए थे।

# दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार, भेजे गए जेल

लखनऊ। पीजीआई पुलिस द्वारा दो शातिर चेन स्नैचरों को मुखबिर की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने




पीछा कर धर दबोचा गया है। गिरफ्त में आए शातिर लुटेरों ने पीजीआई समेत लखनऊ के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई लूट की घटनाओं को अंजाम दिया है। शातिरों पर लूट की धाराओं में कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।पीजीआई कोतवाली प्रभारी आनंद कुमार शुक्ला ने गिरफ्त में आये शातिर लुटेरों की जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिरखाश की सूचना पर रविवार को चिरैयाबाग रेलवे क्रासिंग के निकट चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवक पुलिस की चेकिंग देख भागने का प्रयास करने लगे जिससे अनियंत्रित हो गिर पड़े जिन्हें पीछा कर दबोच लिया गया।शातिरों के पास से लूटी गई एक चेन व घटना में उपयुक्त मोटरसाइकिल यूपी ३२ एचएस ३६६६ वरामद हुआ है। पुलिस के गिरफ्त में आये लुटेरे शातिर किस्म के अपराधी है जिनपर लखनऊ के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई मुकदमे दर्ज है। पुलिस के पूछताछ में शातिरों ने अपना परिचय राजू सरदार उर्फ राजीव अरोड़ा पुत्र हरभजन सिंह निवासी ५५२कध१ शक्ति नगर थाना ेष्णा नगर लखनऊ व मोनू पुत्र विंध्याचल निवासी ५५३ध१३५ भैरव साहब की कोठी थाना आलमबाग लखनऊ के रूप में दिया है।आरोपीयो पर लूट की धाराओं में कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।

# प्रदेश के १२० राजकीय डिग्री कालेजों को दिए गए १०८० टैबलेट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में १२० राजकीय डिग्री कालेजों को १०८० टैबलेट दिए गए हैं। यह टैबलेट कालेजों की लाइब्रेरी में रखे जाएंगे। प्री कंटेंट लोडेड टैबलेट में बिना इंटरनेट के भी विद्यार्थी आसानी से अपना कोर्स पढ़ सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां इंटरनेट की सुविधा नहीं है, वहां विद्यार्थियों को पढ़ाई करने में बड़ी आसानी होगी। राजकीय डिग्री कालेजों में टैबलेट के माध्यम से पढ़ाई कराने के लिए १.६८ करोड़ रुपये की धनराशि उच्च शिक्षा विभाग की ओर से दी गई है।लाइब्रेरी में यह टैबलेट रखे जाएंगे और कोई भी विद्यार्थी वहां बैठकर इसकी मदद से आसानी से पढ़ाई कर सकेगा। स्नातक व परास्नातक के सभी विषयों के विद्यार्थी अपना पाठ्यक्रम एक क्लिक पर पढ़ सकेंगे। टेक्नोलाजी के प्रयोग से विद्यार्थी आसानी से पढ़ाई कर सकेंगे। विशेषज्ञों की टीम द्वारा ई कंटेंट तैयार किया गया है। विद्यार्थियों को किसी भी तरह की कठिनाई न हो इसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। वह विद्यार्थियों को बताएंगे कि आखिर अपने कोर्स की पढ़ाई वह किस तरह कर सकते हैं। बता दें कि शिक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश पूरी तरह से सतर्क है।

## वाराणसी में जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिये सपा प्रत्याशी का पर्चा खारिज

वाराणसी। वाराणसी में जिप्ला पंचायत अध्यक्ष पद के लिये शनिवार को सपा और भाजपा प्रत्यशियों लाव लश्कर के साथ नामांकन किया। इसके बाद जैसे जैसे दिन ढलता गया, वाराणसी जिला मुख्यालय पर सियासी पारा हाई होने लगा। देर रात जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने इस बात की जानकारी दी कि वाराणसी जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिये समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी चंदा यादव का पर्चा खारिज कर दिया गया है। इसके बाद बीजेपी प्रत्याशी पूनम मौर्य वाराणसी जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिये अकेली प्रत्याशी रह गयी हैं। इनके निर्विरोध चुने जाने की केवल घोषणा बाकी रह गयी है।जिलाधिकारी के अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों श्रीमती चंदा यादव और श्रीमती पूनम मौर्या द्वारा २–२ नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे।

# हे गंगा मैया तोहे पियरी चढाईबे के साथ शुरू हुआ डिजिटल उत्सव सीजन २

लखनऊ। कोरोना काल में लोगों को कुछ अलग मनोरंजन देकर उनका ध्यान दुःखद परिस्थितियों से हटाने के लिए सिटीसीएस फैमिली के साथ अंजली फिल्म प्रोडक्शन ने फेसबुक पेज पर लाईव माध्यम से देश के विभिन्न प्रान्तों के कलाकारों के साथ मिलकर मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से भरपूर मनोरंजन का आगाज किया। इस वर्ष के कार्यक्रम में सहयोगियों के रूप में सिटीसीएस फैमिली, यूथ हस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की उत्तर प्रदेश राज्य शाखा की तुलसीपुर इकाई, मेक माई ट्यूशन जैसी संस्थाएं भी शामिल हैं। इस वर्ष का आयोजन जूम के माध्यम से किया जा रहा है, जिसका सीधा प्रसारण अजंली फिल्म प्रोडक्शन के फेसबुक पेज पर भी साथ साथ किया जा रहा है। रविवार कार्यक्रम का शुभारंभ सुप्रसिद्ध लोक गायिका वंदना मिश्रा के गायन से हुआ। हे गंगा मैया, तोहे पियरी चढाईबे,सैयां से कै दा मिलनवा,कहे तोसे सजना




ये तोहरी सजनिया,दो हँसो का जोड़ा बिछुड़ गयो रे सहित सावन पर आधारित गीतों को बिना बैकग्राउंड म्यूजिक के प्रस्तुति दी। प्रथम प्रतिभागी लखनऊ से मधुनीत निगम ने शादी के दौरान होने वाले हास्य भावों को गीत के रूप में गाया,मैं कहीं कवि न बन जाऊं, लिखे जो खत तुझे और मुझे इश्क है तुझी से के साथ कई गीत हास्य भाव से प्रस्तुत किया। इसके बाद अभिशान्त निगम ने गायन प्रस्तुत किया। धर्मिष्ठा निगम ने गायन और नृत्य पेश किया। हैदराबाद से रिद्धि और सिद्धि ने नाटक और संगीत मिक्स प्रस्तुति के माध्यम से फिट रहने के लिए फिजिकल एक्सरसाइज करने पर जोर दिया। छत्तीसगढ़ से रामकृष्ण थवाईत ने गीत गाते हुए ऑनलाइन पढाई में नए अविष्कार करने पर जोर दिया। कानपुर से श्रुति सक्सेना एवं भूमि सक्सेना ने हरियाणवी गीतों पर धमाकेदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के समस्त प्रतिभागियों को ऑनलाइन ई–सर्टिफिकेट भी दिए गए। कार्यक्रम का सुचारू संचालन कार्यक्रम डायरेक्टर स्नेहाशीष रय के साथ साथ कॉर्डिनेटर गरिमा यादव एवं बृजेन्द्र बहादुर मौर्या द्वारा बहुत खूबसूरत अंदाज में किया गया। सोमवार का कार्यक्रम शाम चार बजे से लाइव शुरू होगा।

# पेरिस विश्वकप में भारतीय तीरंदाजों का दबदबा, दीपिका कुमारी का शानदार प्रदर्शन, तीसरे चरण में चार स्वर्ण पदक

नई दिल्ली/पेरिस। पेरिस में चल रहे विश्व कप के तीसरे चरण में तीन स्वर्ण पदक अपनी झोली में डालते हुए भारतीय तीरंदाजों ने इतिहास रचा है। फार्म में चल रही अनुभवी रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी के शानदार प्रदर्शन से भारत यह करने में सफल रहा। इस प्रतियोगिता में भारत के नाम चार स्वर्ण पदक हुए हैं। इससे पहले भारतीय तीरंदाज अभिषेक वर्मा ने शनिवार को कम्पाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। तोक्यो ओलंपिक से पहले भारत का इस वैश्विक प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने वाला है। तीन स्वर्णपदक दिलाने में दीपिका कुमारी की अहम भूमिका रही। दीपिका ने महिला व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा के फाइनल में रूस की एलिना ओसिपोवा को ६–० से हराकर एक दिन में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की। इससे पहले दीपिका कुमारी मिश्रित और महिला रिकर्व टीम के स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहीं। मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में दीपिका और उनके पति अतानु दास की पांचवीं वरीयता वाली जोड़ी ने नीदरलैंड के जेफ वान डेन बर्ग और गैब्रिएला शोलेसर से ०–२ से पिछड़ने के



बाद ५ के मुकाबले ३ अंकों से जीत हासिल की। इससे पहले स्टार तीरंदाज दीपिका, अंकिता भगत और कोमोलिका बारी की भारतीय महिला रिकर्व टीम ने मेक्सिको पर ५–१ की आसान जीत से स्वर्ण पदक जीता। सनद रहे कि महिला रिकर्व टीम पिछले हफ्ते तोक्यो ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने से चूक गयी थी और इस स्वर्ण पदक से उसने इस निराशा को कम करने की कोशिश की। दीपिका के पति अतनु दास ने जीत के बाद कहा, “यह शानदार अहसास है। पहली बार हम एक साथ फाइनल में खेल रहे थे और एकसाथ जीत हासिल की। बहुत खुशी महसूस हो रही है।'' अतानु और दीपिका ने पिछले साल शादी की थी और ३० जून को उनकी पहली वर्षगांठ होगी। उन्होंने कहा, “ऐसा लगता है कि हम एक दूसरे के लिये बने हैं। लेकिन मैदान में हम युगल नहीं हैं बल्कि अन्य प्रतिस्पर्धियों की तरह हम एक दूसरे को प्रेरित करते हैं, सहयोग करते हैं और एक दूसरे का समर्थन करते हैं।'' दिलचस्प बात है कि दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका के लिये यह पहला मिश्रित युगल स्वर्ण पदक है, जो उन्होंने अपने पति के साथ खेलते हुए पाया है। यही नहीं उनका अंतिम मिश्रित युगल फाइनल भी अतानु के साथ था, जब उन्हें अंताल्या विश्व कप २०१६ में कोरिया से हार का सामना करना पड़ा था। दीपिका ने महिला टीम को इस साल विश्व कप में लगातार दूसरा स्वर्ण पदक दिलाने की अगुआई की। उन्होंने कहा, “बहुत खुशी हो रही है।'' दुनिया की तीसरे नंबर की तीरंदाज दीपिका, अंकिता और कोमोलिका की तिकड़ी ने विश्व कप के पहले चरण के फाइनल में भी मेक्सिको को हराकर पहला स्थान हासिल किया था। टीम ने इस तीसरे चरण में भी मेक्सिको को हराकर स्वर्ण पदक जीता और इस दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया। इस साल यह विश्व कप में उनका लगातार दूसरा और कुल मिलाकर छठा (शंघाई २०११, मेडेलिन २०१३, रोक्ल २०१३, रोक्ल २०१४, ग्वाटेमाला सिटी २०२१) स्वर्ण पदक है। हर बार टीम में दीपिका शामिल थी। भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा जिसमें पहले सेट में स्कोर ५७–५७ था। लेकिन दूसरे सेट में भारतीय टीम ने मेक्सिको की टीम पर दबाव बनाया। जिसमें लंदन २०१२ की रजत पदक विजेता ऐडा रोमन, एलेजांद्रा वालेंसिया और अन्ना वाज्क्वेज शामिल थीं। दूसरे सेट में मेक्सिको की टीम ५२ अंक जुटाकर तीन अंक से पिछड़ गयी। भारतीय टीम ३–१ से आगे थी और उसने तीसरे सेट में भी अच्छे निशाने लगाते हुए ५५ अंक जुटाये। लेकिन मेक्सिको की टीम बराबरी नहीं कर सकी। इस तरह उसे इस साल लगातार दूसरी हार झेलनी पड़ी।

## सचिन तेंदुलकर के बाद मिताली राज ने किया ऐसा मुकाम हासिल, रच दिया इतिहास

नई दिल्ली । क्रिकेट जगत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके नाम छोटे से लेकर बड़े कई रिकॉर्ड्स दर्ज हैं और इन रिकॉर्ड्स तक पहुंचते–पहुंचते हर किसी का दम निकल जाता है। लेकिन दुनिया की दिग्गज महिला क्रिकेटरों में शुमार भारत की मिताली राज ने हार नहीं मानी और इतिहास रच डाला। मिताली राज ने सचिन तेंदुलकर की तरह ऐसा मुकाम हासिल किया है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। मिताली राज ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर में २२ साल पूरे कर लिए हैं और वह मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के बाद इस खास मुकाम पर पहुंचने वाली दूसरी क्रिकेटर बन गई हैं। यही नहीं,मिताली राज ने क्रिकेट करियर में दुनिया में भारत का परमच लहराया है। मिताली ६,००० रन पूरे करने वाली पहली महिला क्रिकेटर भी हैं। उनके बाद ही किसी दूसरी महिला खिलाड़ी का नाम आता है। इनके बाद पूर्व इंग्लिश महिला क्रिकेटर चार्लोट



एडवर्ड्स ने ५,६६२ रन बनाए हैं। महिला क्रिकेटर मिताली राज कई क्रिकेटरों के लिए आइडल बन गई हैं। उन्होंने भारतीय महिला क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। मिताली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में २६ जून, १६६६ को डेब्यू किया था। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ अपना पहला वनडे मैच खेला था। मिताली ने आज वनडे अंतरराष्ट्रीय करियर में २२ साल पूरे कर लिए हैं। सचिन का क्रिकेट करियर भी २२ साल ६१ दिन का रहा। ऐसे में मिताली इतना लंबा करियर रखने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गई है। मिताली राज अब ३८ साल की हो चुकी हैं। उन्होंने ११ टेस्ट खेले हैं जिसमें एक शतक और ४ अध र्शितकों की मदद से कुल ६६६ रन बनाए हैं। मिताली ने २१४ वनडे में ७ शतक और ५५ अध र्शितकों की मदद से ७०६८ रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने ८६ टी२० मैच में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए १७ अर्धशतकों की मदद से २३६४ रन ठोके हैं।

## यूजीलैंड की एक वेबसाइट ने एक विवादित पोस्ट

नई दिल्ली। दुनिया भर में न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है. इसके पीछे का कारण न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों का खेल भावना और आपसी सद्भाव है. लेकिन २ दिनों पहले हुए वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप में जीत दर्ज करने के बाद न्यूजीलैंड के एक वेबसाइट में सारी हदें पार कर दी. वेबसाइट की इस हरकत के लिए पूरी दुनिया में न्यूजीलैंड का नाम खराब हो गया है. इस हरकत के कारण भारतीय प्रशंसकों में भी खासी नाराजगी देखी जा रही है. विवाद को बढ़ता देख वेबसाइट ने तुरंत वह विवादित तस्वीर हटा ली. वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप जीतने के बाद न्यूजीलैंड की एक वेबसाइट ने एक विवादित पोस्ट की. पोस्ट में एक लड़की ने एक पुरुष के गले में पट्टा बांध रखा था. इस विवादित पोस्ट में लड़की को काइल जेमिसन दिखाया गया और जिस व्यक्ति के गले में पट्टा बंधा था उसके आगे विराट कोहली का नाम लिखा गया. वेबसाइट की यह तस्वीर वायरल होते ही प्रशंसकों ने इस पर प्रतिक्रिया जाहिर करनी शुरू कर दी. हालांकि बाद में अपनी गलती मानते हुए वेबसाइट ने इस तस्वीर को हटा लिया और सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी. लेकिन इसके बाद भी प्रशंसक नहीं मानें और वेबसाइट पर लगातार कमेंट करते रहे. भारत के प्रशंसकों का कहना था कि वेबसाइट पर आईसीसी को कार्रवाई करनी चाहिए. जिससे की आने वाले समय में कभी भी ऐसी हरकत ना हो.

## धोनी के पेड़ बचाने के संदेश पर आखिर क्यों छिड़ा विवाद

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का विवादों से खासा रिश्ता नहीं रहा है. अक्सर वे अपने टेंपरामेंट और अच्छे व्यवहार के लिए ही जाने जाते रहे हैं. यहां तक की महेंद्र सिंह धोनी सोशल मीडिया में भी ज्यादा सक्रिय नहीं रहते. हालांकि उनकी पत्नी साक्षी ध




ोनी अक्सर महेंद्र सिंह धोनी से संबंधि ात तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं. फिलहाल धोनी अपने परिवार के साथ शिमला में छुट्टियां मना रहे हैं इसी दौरान उनकी पत्नी साक्षी सिंह धोनी ने एक तस्वीर डाली है जिसमें धोनी एक मैसेज देना चाह रहे हैं. धोनी एक लकड़ी के बने डिजाइन के साथ खड़े हैं जिस पर लिखा है ‘प्लांट ट्रीज सेव फारेस्ट’ महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी की इस तस्वीर के इंस्टाग्राम में डालने के बाद कुछ और तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हो गई. जिसमे महेंद्र सिंह धोनी खुद से लकड़ियों पर यह मैसेज लिखते हुए दिखाई दे रहे हैं. इन तस्वीरों के सामने आने के बाद लोगों ने सोशल मीडिया पर धोनी के खिलाफ जमकर गुस्सा निकाला. एक ने लिखा कि खुद ही पेड़ काटो और उस पर पेड़ बचाने का संदेश दो यह कहां का न्याय है। यहां बता दें कि शिमला में रहने वाले एक व्यक्ति ने स्पष्ट किया है कि धोनी ने पेड़ नहीं काटे थे, बल्कि एक टूटी हुई टहनी में धोनी ने मैसेज लिखा था. लोगों ने महेंद्र सिंह धोनी की तस्वीरों के वायरल होने के बाद उन्हें घेरना शुरू कर दिया. हालांकि हर बार की तरह धोनी का कोई रिएक्शन नहीं आया. बता दें कि आईपीएल २०२१ के बचे हुए मैचों का आयोजन संयुक्त राष्ट्र अमीरात में होने जा रहा है. महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है. धोनी की टीम आईपीएल में अभी टॉप ३ में शामिल है. ऐसे में धोनी और सीएसके के फैंस एक बार फिर से धोनी को मैदान में खेलते देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# ट्रैफिक जाम में फंसी महिला की मौत, उपनिरीक्षक सहित चार पुलिसवाले निलंबित

कानपुर (उप्र) ।राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की यात्रा के दौरान निर्धारित समय से अधिक समय तक यातायात रोकने के लिए एक उपनिरीक्षक सहित चार पुलिस कर्मियों को शनिवार को निलंबित कर दिया गया। अधिक समय तक यातायात रोकने की वजह से एक बीमार महिला उद्यमी कथित तौर पर समय से अस्पताल नहीं पहुंच सकी और उनकी मौत हो गई। इस मामले की जांच पुलिस उपायुक्त दक्षिण को सौंपी गयी है और उनसे पुलिस आयुक्त को अपनी रिपोर्ट देने को कहा गया है। शुक्रवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के शहर आगमन से कुछ देर पूर्व रोके गए ट्रैफिक में महिला उद्यमी वंदना मिश्राफंसी रहीं। वे इलाज कराने के लिए अस्पताल जा रही थीं, लेकिन ट्रैफिक में फंसे होने के कारण उनकी स्थिति बिगड़ती चली गई। जाम खुलने के बाद वे अस्पताल पहुंच सकीं, लेकिन वहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस आयुक्त असीम अरुण ने कहा कि भारतीय उद्योग संघ (आईआईए) की कानपुर इकाई में महिला प्रकोष्ठ की की अध्यक्ष वंदना मिश्रा के असामयिक निधन से राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद आहत हैं। मिश्रा को ले जा रहा वाहन शुक्रवार शाम राष्ट्रपति के दौरे के दौरान गोविंदपुरी पुल पर रुके हुए यातायात में कथित रूप से फंस गया। उन्हें काकादेव के एक निजी अस्पताल में ले जाया जा रहा था। महिला उद्यमी के निधन की जानकारी मिलने के बाद पुलिस आयुक्त ने व्यक्तिगत रूप से इस घटना के लिए माफी मांगी। अरुण ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया, आईआईए की अध्यक्षा बहन वन्दना मिश्रा जी के निधन के लिये कानपुर नगर पुलिस और मैं क्षमा प्रार्थी हूं। भविष्य के लिये यह बड़ी सबक हैं। हम प्रण करते हैं कि हमारी रूट व्यवस्था ऐसी होगी कि न्यून्तम समय के लिये नागरिकों को रोका जाए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हों।'' अरुण ने आगे बताया कि राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने वंदना मिश्रा के असामयिक निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने पुलिस आयुक्त और जिला अधिकारी को बुलाया और शोक संतप्त परिवार को अपना शोक संदेश देने के लिए कहा। मृतक के पति शरद मिश्रा ने शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि वंदना को काकादेव के रीजेंसी अस्पताल ले जाते समय वे गोविंदपुरी पुल पर फंस गयें। उन्होंने कहा कि उन्होंने पुलिस से बार–बार अनुरोध किया कि उन्हें मरीज को अस्पताल ले जाने की अनुमति दी जाए, लेकिन उन्होंने उनकी बात अनसुनी कर दी।पुलिस द्वारा यातायात खोले जाने के बाद ही हमें जाने दिया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने पर डक्टरों ने उन्हें (वंदना मिश्रा) मृत घोषित कर दिया। शरद मिश्रा ने दावा किया कि डक्टरों ने कहा कि अगर महिला को समय पर अस्पताल लाया जाता तो उनकी जान बचाई जा सकती थी।

## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद पहुंचे अपने गांव परौंख, जन्मभूमि को नमन कर माथे पर लगाई मिट्टी




कानपुर (उप्र)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद रविवार सुबह कानपुर देहात जिले के परौंख गांव में अपने जन्म स्थान पहुंचे, जहां उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्य्मंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक के जन संपर्क अधिकारी ने बताया कि पटेल और आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति कोविंद का उनके पैतृक गांव परौंख में स्वागत किया। हेलीपैड पर उतरकर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपनी जन्मभूमि पर नतमस्तक होकर मिट्टी को स्पर्श किया। इसके बाद राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कानपुर देहात के परौंख गांव में जन अभिनंदन समारोह में हिस्सा लिया। इस समारोह में उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी हिस्सा लिया। इस समारोह में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि, मैंने सपने में भी कभी कल्पना नहीं की थी कि गांव के मेरे जैसे एक सामान्य बालक को देश के सर्वोच्च पद के दायित्व–निर्वहन का सौभाग्य मिलेगा। लेकिन हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था ने यह कर के दिखा दिया। कोविंद अपनी पत्नी और बेटी के साथ पथरी देवी मंदिर गए, जहां उन्होंने पूजा–अर्चना की। कोविंद ने पटेल और आदित्यनाथ के साथ परौंख गांव का दौरा किया। कोविंद परौंख गांव के प्राथमिक स्कूल पहुंचे, जहां वे लोगों को संबोधित करेंगे। कोविंद अपने पुराने परिचितों, विधायकों और भाजपा अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों से भी बातचीत करेंगे। कोविंद पुखरायां जाएंगे, जहां वह ६० से अधिक लोगों से मुलाकात करेंगे।

# अद्भुत होटल : अंडरग्राउंड होटल

**अमरेन्द्र सहाय अमर**

दुनिया में एक से एक होटल पाए जाते हैं. यह अदभुत और अजीबोगरीब होते है आज हम एक ऐसे ही होटल के बारे में बताने जा रहे है जो अंडरग्राउंड होटल है यानि जमीन के अन्दर बना होटल. चीन के शंघाई में एक ऐसा १८ मंजिला होटल है, जिसका १६ फ्लोर जमीन के नीचे और केवल दो फ्लोर ही जमीन के ऊपर है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यह दुनिया का पहला ऐसा होटल है जो जमीन के अंदर बना है. आपको बता दें कि इस होटल के सबसे नीचे वाले दो फ्लोर पानी के अंदर हैं. इस अंडरग्राउंड होटल को बनाने में करीब १० साल का समय और २००० करोड़ रुपये की निर्माण लागत आई थी . वैसे आमतौर पर किसी होटल या इमारत की ऊंचाई के बारे में बात की जाती है, लेकिन शंघाई में बना ये होटल अपनी गहराई के लिए जाना जाता है। ८८ मीटर गहरे इस होटल का नाम इंटरकंटिनेंटल शंघाई वंडरलैंड और शिमाओ क्वैरी होटल रखा गया है. नेशनल जियोग्राफिक ने इस होटल को दुनिया की करिश्माई आर्किटेक्चर की संज्ञा दी है. आपको बता दें कि इस होटल को ब्रिटिश आर्किटेक्ट मार्टिन जोकमैन ने डिजाइन किया है. इस होटल के सुइट में ठहरने के लिए एक रात का किराया करीब ३५ हजार रुपये है. इस होटल को जहां बनाया गया है, वहां पहले एक खाली पड़ा बड़ा गड्ढा हुआ करता था. आर्किटेक्ट मार्टिन जोकमैन ने कहा कि उन्हें इसे डिजाइन करते हुए शहर और प्रकृति के बीच के रिश्ते को बेहतर करने का एक बढ़िया आइडिया मिला. शिमाओ क्वैरी होटल के केवल दो फ्लोर ही जमीन के सतह से ऊपर हैं, बाकी १६ फ्लोर जमीन के नीचे हैं. इतना ही नहीं इस होटल के सबसे नीचे के दो फ्लोर तरह झील में डूबे हुए हैं। इस अनोखे होटल में ३३६ रूम, रेस्त्रां, रॉक क्लिंबिंग, बंजी जंपिंग के अलावा और भी कई अन्य सुविधाएं मौजूद हैं. क्वैरी होटल को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि हर कमरों से झरना का व्यू मिल सके. ये होटल सोंगजियांग स्थित स्थानीय होंगकियाओ एयरपोर्ट से सिर्फ ३० किलोमीटर दूर स्थित है. यहां पर प्रेंति के सौंदर्य के साथ बंजी जम्पिंग और रॉक क्लाइंबिंग का भी आनंद उठाया जा सकता है. अपने अदभुत वास्तु के कारण आज यह होटल चर्चा में है. लोग यहा ठहरने में अपनी शान समझते हैं .




# उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी बसपा

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव में ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के साथ गठबंधन से इनकार करते हुए रविवार को दावा किया कि दोनों राज्यों में अगले वर्ष के प्रारंभ में होने वाले विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी अकेले ही चुनाव लड़ेगी। बसपा प्रमुख ने रविवार को ट्वीट के जरिये अपनी प्राथमिकता जाहिर की। उन्होंने ट्वीट किया, ''मीडिया के एक न्यूज चौनल में कल से यह खबर प्रसारित की जा रही है कि उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा आम चुनाव ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम और बीएसपी मिलकर लड़ेगी। यह खबर पूर्णतः गलत, भ्रामक व तथ्यहीन है। इसमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है तथा बसपा इसका जोरदार खंडन करती है।'' मायावती ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, ''वैसे इस सम्बन्ध में पार्टी द्वारा फिर से यह स्पष्ट किया जाता है कि पंजाब को छोड़कर, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अगले वर्ष के प्रारंभ में होने वाले विधानसभा चुनाव बसपा किसी भी पार्टी के साथ कोई भी गठबन्धन करके नहीं लड़ेगी अर्थात् अकेले ही लड़ेगी।'' उन्होंने कहा, ''बसपा के बारे में इस किस्म की मनगढ़न्त व भ्रमित करने वाली खबरों को खास ध्यान में रखकर ही अब बसपा के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद सतीश चन्द्र मिश्र को पार्टी की मीडिया सेल का राष्ट्रीय संयोजक बना दिया गया है। साथ ही मीडिया से भी यह अपील है कि वह बहुजन समाज पार्टी और पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष आदि के सम्बन्ध में इस किस्म की भ्रमित करने वाली अन्य कोई भी गलत खबर लिखने, दिखाने व छापने से पहले एससी मिश्र से उस सम्बंध में सही जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।'' उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष बिहार के विधानसभा चुनाव में बसपा ने राष्ट्रीय लोक समता पार्टी और एआईएमआईएम के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ा था जिसमें सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) भी शामिल हुई थी। अगले वर्ष की शुरुआत में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भागीदारी संकल्प मोर्चा के बैनर तले सुभासपा और एआईएमआईएम ने गठबंधन किया है और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ दलों को एकजुट करने की मुहिम चला रहा रहे हैं। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर ने अभी हाल में यह दावा किया था कि वह भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए सभी विपक्षी दलों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर रहे हैं।

## ‘फिलहाल २’सांग का फर्स्ट लुक रिलीज, फिर से लोगों के दिलों में उतरेंगे अक्षय और नूपुर

मुंबई। ‘फिलहाल २’ सांग ‘कुछ ऐसा कर कमाल तेरा हो जाऊं ’ ‘फिलहाल’ सांग काफी पसंद किया गया था और आज भी लोगों की जुबां पर ये सांग सुना जा सकता है। इस सांग में चार–चांद लगाए थे, बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानि अक्षय कुमार और एक्ट्रेस नूपुर सेनन ने इसकी लोकप्रियता को देखते हुए मेकर्स इसका दूसरा पार्ट भी रिलीज करने जा रहे हैं। इस सांग को मेकर्स ‘फिलहाल २’ के नाम से रिलीज करने वाले हैं। इस बात की जानकारी अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके दी है और ‘फिलहाल २’ का फर्स्ट लुक जारी कर इसके टीजर के रिलीज डेट भी बता दी है। अक्षय ने सांग का पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है कि, ‘और दर्द जारी है अगर फिलहाल ने आपके दिल को छुआ तो फिलहाल २ की मोहब्बत आपकी रूह को छू लेगी। पेश है इस गाने का फर्स्ट लुक। इसका टीजर ३० जून को रिलीज किया जाएगा। हमारे साथ बने रहिए’। इस पोस्टर में अक्षय कुमार बाइक चला रहे हैं और नूपुर सेनन अक्षय को पकड़े बाइक पर बैठी नजर आ रही हैं। इस गाने का पहला सीजन जबरदस्त हिट हुआ था। दिल को



छूने वाले इस सांग को मशहूर पंजाबी सिंगर बी–प्राक गया है। जबकि इसके लिरिक्स जानी ने लिखे हैं। ‘फिलहाल’ के फर्स्ट पार्ट को अरविंद खैरा ने डायरेक्ट किया था और इसके दूसरे पार्ट के डायरेक्टर भी अरविंद ही हैं। इस गाने का जादू फैंस के दिलों में अभी भी जिंदा है। अब इसका दूसरा पार्ट लोगों को कितना पसंद आता है देखना ये है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का लटकता मिला शव

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के कल्ली पश्चिम गांव में रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फासी के फंदे पर लटकता मिला। घटना की जानकारी पड़ोसियो ने फोन कर विवाहिता महिला के परिवारिजनो को दी। मौके पर पहुचे परिवारिजनो ने हत्या का आरोप लगा कर हंगामा किया। मायके वालों ने अतिरिक्ति दहेज की खातिर हत्या का आरोप ससुराल पक्ष के लोगों पर लगाया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के भरसवां गांव निवासी रामसहारे ने बताया कि बड़ी बेटी किरन २५ वर्ष की शादी करीब दो वर्ष पहले १८ मई २०१६ को कल्ली पश्चिम गावँ निवासी स्वर्गीय नन्कऊ के बेटे अरूण के साथ शादी की थी। आरोप है कि कुछ समय बाद ही उनकी बेटी को उसके ससुरालीजन व पति दहेज में रुपयों की मांग को लेकर परेशान करने लगे। बेटी के साथ गाली गलौज और मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देते रहते थे । मृतका के पिता का आरोप है कि रविवार को बेटी की मौत होने के बाद भी ससुराल पक्ष के लोगो ने जानकारी नही दी। उनका कहना था कि पड़ोसियो ने उन्हें फोन कर घटना की जानकारी दी। वही, विवाहिता की मौत की सूचना परकल्ली स्थित ससुराल में मायके पक्ष सहित आस पास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मायके पक्ष वालो ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दामाद व अन्य को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे । ससुराल पक्ष के लोगों का कहना है कि उसने आत्महत्या की है। मृतका के पिता रामसहारे ने दहेज की मांग पूरी न होने पर बेटी को मार देने का आरोप लगाते हुए ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। किरन अपने परिवार में सबसे बड़ी बेटी थी,पिता रामसहारे ने बताया कि उनकी ४ बेटियां किरन ,शिवानी,नेहा,प्रियांशी व एक बेटा राज में सबसे बड़ी बेटी किरन थी और घर में सबकी चहेती थी।

## अर्जुन कपूर हुए ३६ साल के तो मलाइका अरोड़ा ने ऐसे किया विश, बर्थडे के जश्न में डूबे ये सितारे

मुंबई। बॉलीवुड की बोल्ड, ग्लैमरस एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा और एक्टर अर्जुन कपूर के रिलेशनशिप के चर्चे अक्सर सोशल मीडिया पर खूब वायरल होत हैं। दोनों ही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव भी रहते हैं और अपनी पर्सनल लाइफ स्टोरी भी फोटोज और वीडियो के जरिए फैंस के साथ करते रहते हैं। अर्जुन कपूर ने अपना ३६वां बर्थडे मनाया है और मलाइका ने भी अजुर्न को शानदार तरीके बर्थडे विश किया है। उनके बर्थडे पर मलाइका अपने अकाउंट पर दोनों की प्यारभरी तस्वीर शेयर करते हुए अर्जुन को अपना सनशाइन बताया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि, हैप्पी बर्थडे सनशाइन। साथ ही एक हार्ट इमोजी भी शेयर की है। मलाइका और अर्जुन कपूर लंबे समय से रिलेशनशिप में हैं और दोनों एक–साथ एंजॉय करते दिखाई देते है। बता दें कि लंबे रिलेशनशिप में रहने के बाद दोनों ने २०१६ में अपने रिश्ते को दुनिया के सामने उजागर किया था। ३६वां सावन देख चुके अर्जुन ने मुंबई के ताजमहल पैलेस होटल में शुक्रवार की रात परिवार के सदस्यों और फिल्म इंडस्ट्री के कुछ लोगों के बीच बर्थडे का जश्न मनाया। इस बर्थडे बश में एक और बॉलीवुड का नया कपल रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी शामिल हुए। इसके अलावा अर्जुन के दोस्त एक्टर रणवीर सिंह, बोनी कपूर की बेटियां जाह्नवी कपूर और खुशी कपूर ने भी पार्टी में शिरकत की।



## बॉलीवुड को कई सुपरहिट फिल्में देने वाली शिल्पा शेट्टी ने ठुकरा दिया था १० करोड़ का ऑफर

नई दिल्ली। बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भले ही ४६ साल की हो गई हो, लेकिन उनका फिगर और लुक आज भी लोगों को उनका कायल बना देता है। शिल्पा को देखकर ऐसा लगता है जैसे उन्होंने अपनी उम्र को कभी बढ़ने ही नहीं दिया हो। आपको बता दें कि शिल्पा शेट्टी अपनी फिटनेस का पूरा ध्यान रखती हैं। अपनी बॉडी को फिट रखने के लिए शिल्पा योग पर विशेष ध्यान देती हैं। अपनी इसी फिटनेस के चलते शिल्पा शेट्टी को एक विज्ञापन के लिए पूरे १० करोड़ का अफर मिल चुका है जिसे उन्होंने ठुकरा दिया। २०१६ में एक नामी ब्रांड ने शिल्पा को स्लिमिंग पिल्स का ऐड करने का अफर दिया था और इस ऐड के लिए शिल्पा को पूरे १० करोड़ की रकम की पेशकश की गई थी, लेकिन शिल्पा शेट्टी ने इसे ठुकरा दिया। शिल्पा ने ये अफर इसलिए ठुकरा दिया था क्योंकि शिल्पा को इस तरह की पिल्स से फिटनेस पाने का तरीका बिलकुल भी पसंद नहीं आया था। इस संबंध में शिल्पा ने एक बयान जारी कर कहा था कि, स्लिमिंग पिल्स इंस्टेंट रजिल्ट की बात करती हैं और इस तरह की चीजें रोजमर्रा के जीवन में फिटनेस के अनुशासन और महत्व को कम करती हैं। बॉलीवुड को कई सुपरहिट फिल्में दे चुकी हैं। फिल्मों में शिल्पा शेट्टी और। अक्षय कुमार की जोड़ी को काफी पसंद किया गया। अब शिल्पा राजकुंद्रा की पत्नी और बेटे की मां हैं। रील लाइफ के साथ ही षिल्पा ने रियल लाइफ भी काफी अच्छे से हैंडल की है। शिल्पा शेट्टी इन दिनों डांस रिएलिटी शो सुपर डांसर ४ में जज की भूमिका निभा रही हैं।




हमारे अन्य प्रतिनिधि
संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370
प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली
विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र
क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289
मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
आर.एन.आई
UPHIN/2010/32566



सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178
Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक